तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 12 अक्टूबर 2024



11 मंदिरों में आहुति देने उमड़े श्रद्धालु





12 महानवमी पर मंदिरों में गूंजे मंत्र







B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


# शीतला मंदिर का ज्योत-जंवारा शोभायात्रा निकालकर किया गया विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नौ दिन तक चले नवरात्रि सेवा और उत्सव का समापन शुक्रवार को शीतला मंदिर में ज्योत-जंवारा विसर्जन के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। नगर के विभिन्न मोहल्लों से महिलाएं, पुरुष, युवतियां और बालिकाएं सफेद वस्त्रों में सजी-धजी, सिर पर जंवारा रखकर विसर्जन के लिए निकली। माता के भक्तों ने भक्ति-भाव से इस शोभायात्रा में शामिल हुए। जबकि देवी जसगीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। गुरुवार को अष्टमी के दिन दुर्गा पंडालों में सुबह से ही हवन-पूजन का आयोजन शुरू हुआ था, जो देर रात तक चला। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देवी मंदिरों में प्रसाद चढ़ाने के लिए उमड़ी रही। शुक्रवार को शीतला मंदिर में 467 ज्योत-दीप प्रज्वलित किए गए, जिनका विसर्जन छिंद तालाब में किया गया।

इस वर्ष नगरपालिका परिषद ने सिर पर जंवारा रखी महिलाओं और बालिकाओं के लिए विशेष इंतजाम किए थे। विसर्जन के बाद सभी के लिए नाश्ता और नींबू के मीठे पानी की व्यवस्था की गई, जिसे श्रद्धालुओं ने सराहा। पालिका परिषद ने इस सेवा को सुचारू रूप से चलाने के लिए विशेष टीम का गठन किया था, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी को नाश्ता और शरबत मिल सके।

**शोभायात्रा में शामिल हुए माता के भक्त**







## खबर संक्षेप



### सेंदर में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम आज

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच का आयोजन नवरात्रि एवं विजय दशमी पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम सेंदर में 12 अक्टूबर को रखा गया है। कार्यक्रम संयोजक रामाधार साहू तुलस वर्मा ने कहा विधायक रोहित साहू की अनुसंसा से छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा सावित्री मंडावी कृत लोक साधना छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच का आयोजन 12 अक्टूबर को सेंदल में रखा गया है। आयोजन में अधिक से अधिक संख्या पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ लेवें।

### दशहरा पर्व में शामिल होंगे विधायक जनक

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव 12 अक्टूबर को देव दशहरा में शामिल होने कांदाडोंगर पहुंचेगे। इस दौरान देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति,समृद्धि की कामना करेगें। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव ने बताया कि विधायक जनक ध्रुव 12 अक्टूबर को 11 बजे कुरूभाठा, 12 बजे सगड़ा, दोहपर 01 बजे कांदाडोंगर, 03 बजे अमलीपदर, 04 बजे मटिया में धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद उरमाल, धुर्वापारा नागलदेही में कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात रात्रि विश्राम देवभोग में करेंगे।



### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने मेन रोड ग्राम दुधीपाली के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद नाला के पास मेन रोड ग्राम दुधीपाली से आरोपी नान दाउ रात्रे पिता भगवानो रात्रे (30 साल) छोटे पटनी के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में एक पांच लीटर वाली पीले रंग की प्लास्टिक जरकीन में भरी करीबन 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 800 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सूअर मारने लगाया करंट, फंस कर युवक की मौत, 3 गिरफ्तार

**महासमुंद।** लापता युवक की खेत में दबी लाश मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पिथौरा क्षेत्र के अमलीडीह से नदारद युवक की लाश 27 सितंबर को पितांबर ध्रुव के खेत की मेड़ में दबा मिला था। जिसके बाद उसने भी जहर सेवन कर लिया था।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने खेत में घुस रहे सूअरों को मारने के लिए करंट प्रवाहित किया था जिसकी चपेट में मृतक आ गया जिसके बाद आरोपियों ने आनन-फानन में खेत की मेड़ में ही दफना दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक खिलेश्वर उर्फ मन्नू साहू पिता मदनलाल साहू (34 साल) 23 सितंबर की सुबह 9 बजे से घर से लापता था।

**समस्या :** घटारानी मार्ग पर 7 किमी पहले सड़क को कर दिया बंद, नहीं लगाया सूचना बोर्ड

# जतमई से मंडेली सड़क जर्जर, निर्माण कार्य धीमा, पर्यटकों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद। जिले में स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जतमई और घटारानी जो प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्त्व के कारण देश-विदेश से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उनकी सड़कों की बदहाल स्थिति ने लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। जतमई से मंडेली तक की सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, और इस पर चल रहे एशियाई विकास बैंक द्वारा वित्तपोषित सड़क निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। यह मार्ग पर्यटकों के लिए एक प्रमुख रास्ता है, जिससे साल भर हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं, लेकिन सड़कों की दुर्दशा और कार्य में देरी से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घटारानी और जतमई अपने प्राकृतिक झरनों और मंदिरों के लिए प्रसिद्ध हैं, जहां हर साल हजारों पर्यटक पहुंचते हैं। हालांकि इन स्थलों की ओर जाने वाली सड़कों की हालत काफी खराब हो गई है, जिससे पर्यटकों की यात्रा कठिन हो जाती है। घटारानी मार्ग पर 7 किलोमीटर पहले सड़क को बंद कर दिया गया है, लेकिन वहां कोई सूचना पटल नहीं लगाया गया, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को काफी असुविधा हो रही है। न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटकों को भी सड़क की खराब स्थिति के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



**शिकायतों के बावजूद नहीं दिख रही कार्य में प्रगति**

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कें उनके लिए एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा हैं और इस प्रकार की लापरवाही से न केवल उनका जीवन प्रभावित होता है, बल्कि पर्यटन व्यवसाय पर भी बुरा असर पड़ता है। कई बार शिकायतों के बावजूद निर्माण कार्य में कोई ठोस प्रगति नहीं देखी गई है।गरियाबंद के जतमई और घटारानी जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों तक पहुंचने वाले मार्गों की स्थिति सुधारने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। सरकार को निर्माण कार्य की गति बढ़ाने और यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

### सड़कों की हालत सुधारने त्वरित कदम उठाएं

जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू ने सड़क निर्माण की धीमी गति और जिम्मेदार अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को सही से निभाने में विफल रहे हैं, जिससे आम जनता और पर्यटकों को तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क निर्माण कार्य में तेजी नहीं आई तो वे इस समस्या को उच्च अधिकारियों और उप मुख्यमंत्री अरुण साव तक पहुंचाने का काम करेंगी। उनका कहना है कि प्रशासन को सड़कों की हालत में सुधार लाने के लिए त्वरित कदम उठाने चाहिए, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके और स्थानीय लोगों को सुविधा प्राप्त हो।

# 51 फीट ऊंचे रावण का आज होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में आज शनिवार को विजयादशमी का पर्व दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति के वरिष्ठ सदस्य रतिराम साहू ने बताया कि रावण का पोशाक इस बार हटकर बनाया जा रहा है, 51 फुट रावण के लिए 125 मीटर का कुर्ता, 35 मीटर का धोती व 40 मीटर का दुपट्टा डाला जा रहा है। रावण को तैयार करने में कई कलाकार जी जान से जुटे हुए है। बताया कि ठीक शाम 6 बजे स्कूल के विशाल मैदान के मंच पर श्रीराम दरबार लगेगा। पूजा-अर्चना के बाद भगवान श्रीराम की महाआरती होगी। आरती के पश्चात जबर्दस्त रंग-बिरंगे आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जाएगा।श्री साहू ने बताया कि इस अवसर पर खैरा के बहुत ही सुप्रसिद्ध रामलीला का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने में दशहरा उत्सव आयोजन समिति के रतिराम साहू, अनिल जगवानी, धनराज मध्यानी, होरीलाल साहू, प्रसन्न शर्मा, जीत सिंग, सौरभ ▶▶|शेष पेज 10 पर

■ नवापारा में मनाया जाएगा शाही दशहरा



### मैनपुर में 40 फीट रावण के पुतले का आतिशबाजी के साथ दहन होगा आज

**मैनपुर।** शनिवार को विजयदशमी का पर्व तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र मे धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। जगह- जगह दशहरा के पर्व पर मेला का आयोजन कर रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम किया जायेगा। परंपरा अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर प्राथमिक शाला मैदान में शाम 6 बजे से रामलीला का मंचन कर 40 फीट रावण के पुतले का दहन आतिशबाजी के साथ किया जायेगा। तो वहीं क्षेत्र के ग्राम नवमुड़ा, हरदीभाठा, गोपालपुर, गिरहोला, देहारगुड़ा, जाडापदर, जिड़ार, बोईरगांव, बरदूला, साल्हेभाठ, नहानबिरी, इंदागांव, तौरेगा, कोयबा, कुर्रूभाठा, बरगांव, आदि ग्रामों में रामलीला का मंचन कर देर रात रावण वध कार्यक्रम किया जायेगा। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में दशहरा मेला का भी आयोजन किया गया है।

### अनुंबध की बजाय अन्यत्र लगाया जा रहा था टावर, लगी रोक

**महासमुंद।** मोबाईल टावर लगाने के लिए ठेका कंपनी ने जिसके साथ अनुबंध किया उसके कागजात लगाकर अन्य स्थान पर टावर लगाए जाने की तैयारी का मामला सामने आया है। कंपनी ने पालिका से एनओसी के लिए जिसके साथ करार किया उसकी जमीन दिखाने की बजाय पालिका कर्मियों को झांसा देते हुए दूसरी जगह दिखाकर एनओसी ले ली। अनुबंधित खसरे के स्थान पर अन्यत्र रातों रात टावर लगाए जाने की शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे अफसर भी की जा रही हेराफेरी से अवगत होकर हतप्रभ रह गए। दरअसल पालिका अंतर्गत इमलीभाठा में एयरटेल का मोबाइल टावर लगना था।

## हवन और पूर्णाहुति के बाद हुआ कन्या भोज .....





**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के मां शीतला मंदिर में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन किया गया पश्चात 21 कन्या भोज कराया गया। पंडित राकेश शुक्ला के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुजन हवन में सांखला डालकर गांव के सुख समृद्धि के लिए कामना किया। इस अवसर पर बैगा संतराम साहू, माता सेवक सुनील साहू, दुष्यंत साहू, सरपंच प्रीतराम देवांगन सहित बड़ी संख्या में माताएं व भक्तजन मौजूद थे।

**नवरात्रि पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ**

# अतरमरा में टिन शेड निर्माण के लिए विधायक ने दिए 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के ग्राम अतरमरा में शारदीय नवरात्रि की के पावन राजिम विधायक के सौजन्य एवम छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के माध्यम से ग्राम अतरमरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम कारी बदरिया का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता चंद्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद, विशिष्ट अतिथि चिरौंजी निर्मलकर अध्यक्ष दुर्गाउत्सव समिति,रामाधीन ध्रुव सरपंच, शिवांगी चतुर्वेदी उपसरपंच, श्यामलाल साहू, टीकम सिन्हा, सेवक निर्मलकर,हेमन्त निर्मलकर,अभिषेक चतुर्वेदी, कमलकिशोर ध्रुव,विरेन्द्र साहू,टीकम साहू,दुलारी साहू,जगत सिन्हा थे। सभी अतिथियों के द्वारा माता दुर्गा के पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि इस प्रकार से कार्यक्रम का होना हमारे आपस में भाईचारे और समानता की भावनाओं को और आगे बढ़ाता है। हम सभी 9 दिनों तक जगत जननी माता की सेवा करते हैं। इसी प्रकार से आप सभी भी अपने जन्म देने वाली माता-पिता जो घर पर निवास उनकी सेवा करें। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनहितैसी कार्यो से सभी जनमानस को अवगत कराया गया है। अपार जन समूह को देखकर सभी अतिथियों ने काफी प्रसन्न्ता व्यक्त किये। ग्रामवासियों की मांग पर बाजार चौक टीना शेड के लिए 15 लाख रुपये की घोषणा किये है। स्वेच्छा अनुदान से अलग- अलग संस्थाओं को भी राशि स्वीकृत किये है। जैसे ही टीना शेड की घोषणा किये अपार जनसमूह ने तालियों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को चंद्रशेखर साहू, रामाधीन ध्रुव, शिवांगी चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन शब्दों के जादूगर विनोद सिन्हा ने किया। लोक छत्तीसगढ़ी लोककला मंच कारी बदरिया बहुत ही हास्यप्रद एवं छत्तीसगढ़ के पारंपरिक संस्कृति को आगे बढ़ने का प्रसंग लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में चिरौजी निर्मलकर, टीकम सिन्हा, सेवक निर्मलकर, जगत सिन्हा, हेमंत निर्मलकर, मनराखन सिन्हा, कमलकिशोर ध्रुव, राजू सिन्हा, विनोद सिन्हा, मोहन निषाद, यादराम निषाद, दुर्गेश निर्मलकर, अशोक ध्रुव, प्रदीप ठाकुर, चुम्मन निर्मलकर, मुकेश सिन्हा, उमेश साहू, मिथलेश निर्मलकर सहित समस्त समिति के सदस्यों एवं ग्राम वासियों का सहयोग रहा।





# मवेशी का शिकार करते तेंदुआ कैमरे में हुआ कैद

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में वनविभाग द्वारा जंगल के भीतर लगाए गए कैमरा में एक तेंदुआ द्वारा मवेशी का शिकार करते तस्वीर कैद हुआ है। जिसकी पुष्टी उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने किया है।




पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### बुढ़ाराजा के दरबार में होती है मनोकामना पूरी



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किलोमीटर दुर घने जंगल के भीतर बुढ़ाराजा के दरबार में इन दिनो नवरात्र के पावन अवसर पर श्रध्दालुओं की भींड लगी हुई है। यहां मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है, और पूजा अर्चना किया जा रहा हैं। कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंह सोरी ने बताया कि बुढाराजा कमार जनजाति आदिवासियों के प्रमुख देवता है और कुल्हाडीघाट में बुढाराजा का मंदिर है जहां छत्तीसगढ़ सहित ओडिसा प्रदेश के लोग पूजा अर्चना करनें आते हैं। यहां मंदिर के साथ ही विशाल चबुतरा व श्रध्दालुओं के लिए चारो तरफ सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, जहां समय- समय पर विभिन्न संगठन राजनीतिक दलों के लोग भी पहुंचकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इन दिनों बुढाराजा के दरबार में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया है और पूजा पाठ का दौर जारी है।

### सूने मकान में तोड़फोड़

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने चाचा के सूने मकान में चोरी करने की नीयत से घर में तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, डगनिया निवासी महेश साहू ने शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा का मकान रोहिणीपुरम में है।

पेज 9 का शेष...

### 51 फुट ऊंचे...

शर्मा, उमेश यादव, लोकनाथ सोनकर, रमेश तिवारी, मुकुंद मेश्राम, रामा यादव, मंगराज सोनकर, नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, राजा चांवला, राकेश सोनकर, सिंटु जैन, सौरभ सोनी लगे हुए है। बता दें कि नवापारा का शाही दशहरा उत्सव आसपास के तमाम गांव के लोगों के लिए खास मायने रखता है। मेले की तरह बेतहाशा भीड़ होती है। गंज मार्ग, सदर मार्ग, तर्री रोड के अलावा हरिहर हायर सेकेण्ड्री स्कूल से लेकर बस स्टेण्ड चौक तक पैर रखने को जगह नहीं होती। ट्रेफिक संभालने के लिए पुलिस के जवानो को बड़ा मशक्कत करना पड़ता है। हरिहर हाई स्कूल के विशाल प्रांगण में 20 हजार लोगों की भीड़ होती है। तरह-तरह के दुकानें सजे रहते है। तीर धनुष के ढेर सारे स्टॉल लगा रहता है। गुब्बारों की बिक्री बड़ी संख्या में होती है। छोटे-छोटे बच्चो में अपार उत्साह का वातावरण देखने को मिलता है।

## निधन

### मयाराम नेताम



**मैनपुर।** राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र वरिष्ठ आदिवासी नेताम मयाराम नेताम उम्र 74 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। वे राजापड़ाव क्षेत्र के शोषित, पीड़ित व वंचित समुदाय के हक व अधिकार को लेकर हमेशा संघर्षशील एवं समाज के लिए हमेशा समर्पित भाव से कार्य करते थे।

# सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड से निकाला गया 1.50 लाख मीट्रिक टन दबा कूड़ा-करकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर दशकभर से दबे 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट को निकालकर उसकी छंटाई करने का काम ठेका एजेंसी ने एक बार फिर शुरू कर दिया है, बारिश के सीजन में पानी भरने से 3 माह तक काम बंद रहा। लैंडफिल साइट से अब तक 1.50 लाख मीट्रिक टन दबे हुए कूड़ा करकट को निकालकर समतलीकरण किया गया है। इससे करीबन 12 एकड़ एरिया क्लीयर हो गया है, जबकि बाकी के 12एकड़ एरिया में दबे कूड़ा करकट की खुदाई कर कचरा निकालने और ढेरी बनाकर उसकी छंटाई करने का काम अभी बाकी है।साइट पर अनुबंधित एजेंसी ने 3 मशीनें लगाई है।

## बारिश खत्म होते ही अनुबंधित एजेंसी ने शुरू कराया काम, 3 मशीनें लगाईं

### सरोना में बनेगा खेल मैदान और सुंदर गार्डन

*नगर निगम ने सरोना स्थित करीबन 24 एकड़ जमीन को सुरक्षित रखने 28 करोड़ रुपए का अनुमानित प्रोजेक्ट तैयार कर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। साइट क्लियर होते ही वहां खेल मैदान बनेगा साथ ही सुंदर बगीचा विकसित करने की योजना है। खाली जमीन के एक तिहाई हिस्से में क्रिकेट, टेनिस जैसे खेलों को बढ़ावा देने खेल मैदान बनेगा। खेल मैदान और बगीचे में प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर फार्म बनाने की योजना बनाई गई है। पूरे परिसर के चारों ओर बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर हरा-भरा रखा जायेगा।*



■ रायगढ़ की कंपनी को 12 करोड़ 64 लाख रुपये में मिला है ठेका

### डूबान क्षेत्र में वेटलैंड का प्रस्ताव

*सरोना लैंडफिल साइट क्लियर होते ही प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर काम करने ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जाएगी। योजना के मुताबिक डूबान क्षेत्र में जल संग्रहण के लिए वेटलैंड का प्रस्ताव बनाया गया है। वेटलैंड पार्क में वाटर प्यूरीफिकेशन के साथ ही जल संग्रहण का काम किया जाएगा।*

साथ की कचरे की ढेरी को वहां से हटाने का काम किया जा रहा है। कचरा, गंदगी और बदबू का पर्याय बने सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड की सूरत बदलने वाली है। रायपुर नगर निगम ने इस कार्य के लिए रायगढ़ की एजेंसी को 12 करोड़ 64 लाख रुपए में ठेका दिया है। एजेंसी दस साल में शहरभर से डंप 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने साइट क्लीयर कर देगी। अनुबंधित एजेंसी ने ट्रेंचिंग ग्राउंड में दबे कूड़ा करकट की खुदाई करने स्क्रीनिंग मशीन, ट्रामर और पोकलेन मशीन लगाई है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है ठेका एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम को पूरा करने की समय सीमा दी गई है।

# पंजीयन-कृषि कार्यालय की सड़क पर इतने गड्ढे कि चलना मुश्किल

**बारिश होते ही डबरी में हो जाती है तब्दील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर, एसएसपी सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय हैं, जिनके परिसर से लेकर आने-जाने का मार्ग भी ठीक है, लेकिन कृषि विभाग से पंजीयन कार्यालय जाने वाली कच्ची सड़क पर इतने गड्ढे हैं कि सामान्य दिनों में भी इस सड़क पर चलने में लोगों को परेशानी होती है। वहीं बारिश हो जाए, तो यह सड़क डबरी में तब्दील हो जाती है, जिसके बाद इस मार्ग पर पैदल चलना तो दूर, दोपहिया वाहन भी गुजर नहीं पाता। यह स्थिति गुरुवार को दोपहर में तेज बारिश के बाद यहां देखने को मिली। शारदीय नवरात्रि के कारण पंजीयन कार्यालय में सुबह से लोगों की भीड़ लगी रही, लेकिन दोपहर में बारिश होते ही पंजीयन कार्यालय का बाहरी परिसर से लेकर कृषि विभाग के कार्यालय तक जाने वाला कच्चा सड़क मार्ग डबरी में तब्दील हो गया। इसके कारण पंजीयन कराने आने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।







### पंजीयन कार्यालय परिसर तक वाहन जाने के लिए एक ही रास्ता

*पंजीयन कार्यालय के परिसर तक वाहन ले जाने के लिए कलेक्टोरेट में एक ही रास्ता है और यह रास्ता कृषि विभाग से होकर जाता है। इस रास्ते के अलावा पंजीयन कार्यालय परिसर तक वाहन ले जाने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। पहले जिला पंचायत कार्यालय के पीछे वाला मार्ग और रेडक्रास भवन के सामने वाला मार्ग से भी वाहन पंजीयन कार्यालय तक आते-जाते थे, लेकिन विगत वर्षों पहले इन दोनों मार्ग को वाहन के आने-जाने के लिए बंद कर दिया गया है। इन दोनों मार्ग पर लोहे के खंभे लगा दिए गए हैं, जिसके बाद पैदल जाने वाली इस मार्ग से आना-जाना कर सकते हैं।*

### आम लोगों के साथ वकील एवं स्टॉफ भी परेशान

*कृषि से पंजीयन कार्यालय का यह मार्ग पिछले कई वर्षों से इसी स्थिति में है। इसके बाद भी इस मार्ग को अब तक सुधारा नहीं गया है। इस मार्ग के अलावा पंजीयन कार्यालय का बाहरी परिसर में भी बारिश होने के बाद जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिसके कारण लोग यहां खड़े नहीं हो पाते। इसके कारण आम लोगों के साथ वकील एवं कार्यालय के कर्मचारियों को भी परेशान होना पड़ता है।*

# मां काली मंदिर में हवन-पूजन में शामिल होने उमड़े भक्त





**नवापारा-राजिम।** शहर के मां काली मंदिर में अष्टमी का हवन डालने देवी मां के भक्तों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी थी। हवन-पूजन में मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष देहुति-रतिराम साहू, किशोर साहू, पवन यदु,रेवाराम साहू सहित अनेको देवी मां के भक्त सपरिवार शामिल हुए। हवन के बाद माता की महा-आरती में बड़ी संख्या में देवी मां के उपासक मौजूद थे। मंदिर के आसपास श्रद्धालुजनों की भारी भीड़ नजर आई। मंदिर के चारों तरफ बिजली के झालरों से रोशनी की गई थी जो काफी आकर्षक नजर आ रहा था। काली मंदिर के अलावा शहर के सभी देवी मंदिरों और शक्ति पीठों में हवन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। हवन में आहुति डालने जनप्रतिनिधियों से लेकर महिलाएं, युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हुए। यज्ञ कुंड में डाले जा रहे आहुति की भीनी-भीनी खुशबू मंदिर परिसर से लेकर शहर के सड़कों और खुले आसमान की ओर फैलता रहा। बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ देवी भक्तों ने माता जी का व्रत-उपवास रखकर हवन में शामिल हुए।इस अवसर पर मां काली मंदिर में माता का विशेष श्रृंगार मंदिर समिति और पंडितों ने किया था। हवन के समय काली मंदिर सहित समूचे शहर में स्वाहा की गूंज हो रही थी। माता के भक्त श्रृंगार का सामान और चुनरी लिए पहुंच रहे थे।






# विजयादशमी पर नीलकंठ पक्षी का दर्शन माना जाता है शुभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विजयादशमी पर्व पर नीलकंठ पक्षी को देखना शुभ माना जाता है, राजा हो या रंक सभी इसका दर्शन कर खुशी महसूस करते है लेकिन अब यह खुबसूरत पक्षी विलुप्त होने की कगार पर है, शहरी क्षेत्र तो छोडिये ग्रामीण वनांचल क्षेत्रे मे भी अब यह पक्षी किस्मत वालो को मुश्किल से दिखाई देता है इसी कारण इंटरनेशनल यूनियन फार नेचर कंजवेंशन ऑफ नेचर ययूसीएन ने नीलकंठ को रेल लिस्ट मे शामिल कर लिया है यानि तेजी विलुप्त हो रहा जीव है, विदित हो कि आज विजयादशमी का पर्व है इस दिन नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ माना जाता है, यह पक्षी हमारी संस्कृति मे इतना ज्यादा रचा बसा है कि इसे भारत के चार राज्यो बिहार, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश और ओडिशा मे राज्य पक्षी घोषित किया गया है इस पक्षी का वैज्ञानिक नाम कोरीसियास बेगालोन्सिस है इसे अंग्रेजी मे इंडियान रोलर भी कहा जाता है वही छत्तीसगढ़ के ग्रामीण वनांचल क्षेत्रे मे इसे टेहर्रा के नाम से प्रसिद्ध है यह पक्षी संपूर्ण भारत मे पाया जाता है।



**कीटनाशक के चलते विलुप्ति के कगार पर-** पक्षी के संबंध मे जानकारी रखने वालो के मुताबिक नीलकंठ दुर्लभ प्रजाति का संरक्षित पक्षी है फसलो मे प्रयोग होने वाले कीटनाशक दवाओ से नीलकंठ पक्षियो की असमय संख्या घटी है, जलवायु परिवर्तन भी नीलकंठ पक्षी के विलुप्त होने का बड़ा कारण कीटनाशक दवाओ से मरे कीड़े मकोड़ो को खाकर नीलकंठ की संख्या घट रही है तो वही तेजी से जंगलो की अवैध कटाई, फलदार वृक्षो की कमी इस पक्षी के लुप्त होने के कारण है जिसके चलते यह पक्षी असमय काल के गाल मे समा रहे है। मैनपुर दुर्गा मंदिर के पुजारी पं. योगेश शर्मा ने बताया देवाधिदेव महादेव के प्रतिनिधि की उपाधि प्राप्त नीलकंठ पक्षी की संख्या पहले की अपेक्षा अब कम हो गई है, खासकर विजयादशमी पर इस पक्षी को देखना शुभ माना जाता है। इस पक्षी मे भगवान शिव के उस रूप का प्रतिकात्मक दर्शन होते है जिसमें शिव ने समुद्र मंथन से हलाहल का पान किया था, जगत कल्याण के लिए भगवान शिव ने विशपान किया जिसमें उसका कंठ नीला पड़ गया और वे नीलकंठ कहलाए। आगे कहा दशहरा पर्व पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन को शुभ और भाग्य को जगाने वाला माना जाता है जिसके चलते दशहरे के दिन हर व्यक्ति इसी आस मे छत पर जाकर आकाश को निहारता है।

# 2500 पदों के लिए रोजगार मेला 8वीं पास भी कर सकेंगे आवेदन

**रायपुर।** बेरोजगारों युवाओं को रोजगार देने के लिए आगामी दिनों में दो बड़े रोजगार मेला आयोजित होने वाले हैं। इनमें मेगा जॉब फेयर 2024 का आयोजन 15 अक्टूबर को शासकीय छत्तीसगढ़ कॉलेज बैरन बाजार में होगा। यह फेयर जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा किया जा रहा है। इससे एक दिन पहले 14 अक्टूबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर द्वारा अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला विधानसभा रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में रखा गया है।



### अप्रेंटिसशीप मेले में 100 से ज्यादा पद

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के मेजर नरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि अप्रेंटिसशीप मेला 100 से अधिक पदों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

### जॉब फेयर में ढाई हजार से ज्यादा पद

*जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र के उप संचालक एओ लॉरी ने बताया कि जॉब फेयर ढाई हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की गई है। इसके तहत सिक्यूरिटी, बैंकिंग, मार्केटिंग, बैंक ऑफिस, होटल मैनेजमेंट, शिक्षण एवं हॉस्पिटल सेक्टर में सिक्यूरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, लेबर, आर्म गाड्‌र्स, सेल्स ऑफिसर, कस्टमर सर्विस, मैनेजर, एजेंट, सर्वेयर, सेल्स पर्सन, कप्यूटर ऑपरेटर, एकाउंटेंट, नर्सिंग स्टॉफ, टेक्निशियन, स्पोकन इंग्लिश, डांस, स्पोर्ट्स, संगीत टीचर सहित अन्य पदों के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।*

# 34 आबकारी अधिकारियों का तबादला एकतरफा भारमुक्त करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग के 34 उपायुक्त और सहायक आयुक्त, सहायक आबकारी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। आबकारी विभाग ने तबादले के आदेश जारी करने के साथ ही हाईकोर्ट में कैविएट लगा दिया है, ताकि अफसर कोर्ट जाएं, तो पहले विभाग को अपनी बात रखने का मौका मिल सके। साथ ही विभाग ने सभी अधिकारियों को नवीन पदस्थापना के लिए एकतरफा भारमुक्त करने का आदेश जारी किया है। विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें अरविंद कुमार पाटले, उपायुक्त,



आबकारी संभागायुक्त उड़नदस्ता बस्तर संभाग जगदलपुर को नवा रायपुर, सहायक आयुक्त प्रमोद कुमार नेताम को रायपुर से जिला आबकारी अधिकारी बेमेतरा, यदुनंदन राठौर संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग को राजनांदगांव, विकास कुमार गोस्वामी को रायपुर से संभागीय उड़नदस्ता अंबिकापुर , राजेश जायसवाल को दुर्ग से मुंगेली, मंजूश्री कसेर को नवा रायपुर से छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड रायपुर में प्रतिनियुक्ति में भेजा गया है। दिनकर वासनिक को बिलासपुर से आयुक्त कार्यालय नवा रायपुर, आशीष कोसम की छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड रायपुर से प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए संभागीय उड़नदस्ता जगदलपुर, सौरभ बक्शी को कोरबा से नवा रायपुर, प्रकाश पाल को मुंगेली से राज्य स्तरीय उड़नउस्ता रायपुर, रामुकृष्ण मिश्रा को रायगढ़ से रायपुर, अलेख राम सिदार को कोंडागांव से जांजगीर-चांपा, प्रवीण वर्मा को जांगीर-चांपा से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर पदस्थ किया गया है।





**रिकार्ड जितने पुराने, उनके दस्तावेजों की स्थिति भी उतनी ही खराब**

# पंजीयन रिकॉर्ड रूम के दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन 1999 से 2016 तक का मैनुअल डाटा हुआ ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन रिकॉर्ड रूम में कई दशकों के सुरक्षित रखे पंजीयन दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। इसके लिए वर्ष 2022 से दस्तावेजों को स्कैनिंग कर डॉटा को ऑनलाइन किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में अब तक वर्ष 2016 से वर्ष 1999 तक के मैनुअल रिकॉर्ड ऑनलाइन किए जा चुके हैं। हालांकि विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ माह तक कंपनी ने स्कैनिंग का काम बंद कर दिया था, जिसके कारण डिजिटलाइजेशन का काम प्रभावित हुआ था।



### पुराने दस्तावेजों को किया जा रहा

पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन किए जाने का कार्य जारी है। जिले में वर्ष 2016 से नीचे क्रम में 30 वर्ष का मैनुअल पंजीयन रिकार्ड को ऑनलाइन किया जाना है। इसके तहत वर्ष 1999 तक के रिकॉर्ड ऑनलाइन हो चुके हैं।

- **विनोज कुमार कोजे,** पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर

### वर्ष 2016 से घटते क्रम में किया जाना है दस्तावेजों को ऑनलाइन

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पंजीयन के पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन का काम वर्ष 2016 के दस्तावेजों से शुरू किया गया है, जो घटते क्रम में वर्षवार किया जाना है। सूत्रों के अनुसार पंजीयन दस्तावेजों को ऑनलाइन करने का काम किसी दूसरे राज्य की कंपनी को दिया गया है। कंपनी ने ढाई वर्ष के दौरान अब तक वर्ष 1999 से लेकर 2016 तक के पंजीयन रिकार्ड स्कैनिंग कर डाटा को ऑनलाइन कर चुकी है, वहीं वर्ष 1998 के दस्तावेजों के स्कैनिंग का काम जारी है, जिसका जल्द ही पूर्ण होने की संभावना जताई जा रही है।

### 1857 दशक के भी रिकार्ड होंगे ऑनलाइन

पंजीयन कार्यालय के रिकार्ड रूम में 1857 दशक से भी पुराने रिकार्ड रखे हुए हैं। इन सभी रिकार्ड को ऑनलाइन किया जाना है। इस काम में अभी और कई वर्ष लग सकते हैं, क्योंकि रिकार्ड जितने पुराने है, उनके दस्तावेजों की स्थिति भी उतनी ही खराब है। कई पुराने दस्तावेज फट चुके हैं, जिसके कारण स्कैनिंग करने में परेशानी आ सकती है। ऐसे में कई दसक पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन करना चुनौती से कम नहीं होगा।



# मंदिरों में आहुति देने उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शुक्रवार दोपहर तेज धूप और उमस भरी गर्मी होने के बावजूद राजिम के सुप्रसिद्ध मां महामाया मंदिर में अष्टमी का हवन डालने श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा हुआ था। महाअष्टमी की पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। हवन में सांखला डालने श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में पहुंचती रही। देवी मां के भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने हवन कुण्ड में सांखला डालकर पूर्णाहुति दी। अष्टमी के अवसर पर नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर, शीतला, चंडी, काली, घटोरिया, खंडोबा, गायत्री, सत्ती पथर्रा के सतबहनिया माता, शीतला मंदिर तथा आमापारा स्थित मां ब्रम्हचारिणी दरबार में हवन पूजन किया गया। पंडित विजय शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के पुजारी बलदाउ सिंह ठाकुर, नीरज ठाकुर, ग्राम बैगा हेमलाल धीवर, महामाया प्रबंध समिति के अध्यक्ष लिलेश्वर यदु, रमेश साहू, जितेंद्र सोनी, कान्हा महोबिया, लखन निर्मलकर, भारत सेन, राजू निषाद, महेश यादव, लाला साहू, पवन सोनी, रामकुमार साहू, बाल्मीकी धीवर, साधु निषाद, शंकर निषाद, भवानीशंकर साहू, फागु निषाद, प्रशांत गुप्ता, गोपाल निषाद, पुनारद, श्रवण रामप्रसाद साहू, विक्की साहू, रामनारायण मिश्रा, संतोष शर्मा, गौरव ठाकुर, विजय महोबिया, मिथलेश यदु, मंजू यदु, दुर्गा सोनी, रजनी सोनी के अलावा बड़ी संख्या में देवी मां के भक्त हवन पूजा में बैठे हुए थे। शुक्रवार को शहर एवं गांवो में जगह-जगह अष्टमी हवन से पवित्रता दिखी। पूरा वायुमंडल सांखला के खूशबू से महकता रहा। हर तरफ धर्ममय वातावरण नजर आया।







**नवापारा-राजिम।** नवरात्रि के पूरे नौ दिन तक मां दुर्गा देवी की पूजा-अर्चना पूरे श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ ग्राम जौंदी में हुआ। अष्टमी के हवन के बाद शुक्रवार को देवी मां की प्रतिमा की भावभीनी विदाई के साथ तालाब में विसर्जित किया गया।

## पाटसिवनी में विराजीं मां दुर्गा प्रतिमाएं






















## मां ब्रम्हचारिणी दरबार में हवन- पूजन



**राजिम।** नगर के शिवाजी चौक आमापारा में स्थित माँ ब्रम्हचारिणी दरबार में पंडित अर्जुन प्रसाद तिवारी, पंडित देवेंद्र दुबे के मंत्रोच्चार के बीच मंदिर समिति के भगत भरतलाल साहू के सानिध्य में अष्टमी का हवन बहुत ही धूमधाम के साथ हुआ। हवन में माँ ब्रम्हचारिणी दरबार मंदिर समिति के फगेंद्र यदु, मेहतरु साहू, जीजराम साहू, भागीराम साहू, तेजेश साहू, ईश्वर सिन्हा, विजेंन्द्र वर्मा,दिनेश्वर साहू ,यशवंत साहू ,भुवन साहू ,गणेश पटेल ,तुलसी साहू, संतोष यादव, चुन्नीलाल देवांगन, जनक साहू, लक्ष्मण साहू, रूपलाल साहू, बसंत जाधव, गोलू साहू, सुरेश यादव, सोमन साहू, बीरेन्द्र साहू सहित भक्तजन शामिल हुए। क्वांर नवरात्रि में इस बार 610 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हुआ।

## हवन कर नौ कन्या को भोज कराया

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी ग्राम गिधनी के शीतला मंन्दिर में मां शीतला माता, काली माता बजरंग बली महागौरी की विधिवत पूजा अर्चना कर पंडित के द्वारा मंत्र जाप के साथ हवन कर नौ कन्या भोज कराया गया। शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन गुरुवार को देवी स्थलों पर माता की विशेष आरती किया गया। शुभ मुहूर्त में हवन पूजन और सेवा भजन के बाद एवं भोजन महा भंडारा समस्त ग्रामवासी के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। और अंचल के विभिन्न में शुक्रवार को देवी ज्योति जावरा का मादर के धुन में जससेवा गीत विसर्जन किया गया।



## हवन एवं महा आरती में शामिल हुए श्रद्धालु



**मैनपुर।** शुक्रवार को नवरात्र के महाअष्टमी पर क्षेत्र के देवी- मंदिरो, दुर्गा पंडाल में हवन पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। वहीं देर शाम तक हवन पूजन कार्यक्रम चलता रहा। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। मैनपुर दुर्गा मंदिर एवं सार्वाजनिक दुर्गा पंडाल में हवन पूजन कार्यक्रम तथा महा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान भंडारा के साथ घर-घर नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया।



## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाया गया नवाखाई पर्व

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम ओनवा कोरासी में शरदीय नवरात्रि के नवमी तिथि के दिन शुक्रवार को आदिवासी ध्रुव गोंड़ पोडेटी परिवार अपने सह परिवार के साथ देव माटी घर में अन्न (नवाखाई) पर्व को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सर्व प्रथम पोडेटी परिवार द्वारा बड़ादेव, बुढ़ादेव, प्रकृति शक्ति, पूर्वज पुरखा शक्ति, महादेव मातेश्वरी, काली कंकालिन, बूढ़ी माई, दुलहादेव में पूजा अर्चना कर चांवल, कोया फूल, नीबू, नारियल, ध्वजा, पालो फल आदि चढ़ाकर भेट पूजा कर घर, परिवार और समाज की सुख शांति और संवृद्धि के लिए मंगल कामना कर नवाखाई कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर तेजराम ध्रुव, लैलम ध्रुव, गंगाराम, सीयालाल, मुकेश, योगेन्द्र, भोगेन्द्र कुमार, अकेश, कुशल, घनश्याम, चतुर, दुलार, अंजोर सहित समस्त पोडेटी परिवार शामिल होकर समाज में एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

### ईष्ट देव बड़ादेव को अन्न अर्पण किया



**मुड़ागांव(कोरासी)।** आदिवासी बाहुल्य ग्राम कनेसर में नवाखाई का पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। सभी समाजजन बाडादेव दाना में उपस्थित होकर बवा अन्न ईष्ट देव बड़ादेव को अर्पण किया। इस अवसर पर ग्राम पटेल हेमराज ठाकुर, पण्डा पुजारी संत राम ध्रुव, ग्राम प्रमुख रामचंद्र, लालसिंग, धरमसिंह शुरु सिंग, मेहन्तर राम, सुभाष राम, रिखचंद, खेलावन राम, गिरवर लाल देव कुमार, तिहार राम, अनिल कुमार एवं सभी समाज जन उपस्थित रहे। ग्राम के समस्त समाज के धर्मेन्द्र कुमार, श्रवण कुमार की उपस्थित रहे।

### ग्राम मड़वाड़ीह में रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 14 को

**छुरा/ फिंगेश्वर।** भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू के जन्मदिन के अवसर पर युवा मित्र मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अक्टूबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। ग्राम मड़वाड़ीह स्थित मांडव ऋषि आश्रम बाबा कुटी में



डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल रायपुर के मॉडर्न ब्लड बैंक के तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर जबकि उपाध्याय हॉस्पिटल मोहबा बाजार रायपुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें हड्डी रोग, जनरल सर्जन, स्त्री रोग, चर्म रोग, एमडी मेडिसिन, बीपी शुगर, ईसीजी आदि की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। रक्तदान के लिए अब तक 150 जबकि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के लिए 120 लोगों द्वारा पंजीयन करवाया जा चुका हैं। बहरहाल 14 अक्टूबर को रुपसिंग सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंच गौमाता पूजन कर दोनों ही शिविर का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद 11 बजे अपने कार्यकर्ताओं व सामाजिकजनों के साथ फिंगेश्वर स्थित मौली माता मंदिर में पूजन करेंगे, फिर दोपहर 12 बजे फिंगेश्वर के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण करेंगे। तत्पश्चात रुपसिंग आतिशबाजी, राऊत नाच व ढोल नगाड़ों के बीच कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।




## पर्व : धार्मिक स्थलों में विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गई

# महानवमी पर मंदिरों में गूंजे मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

### श्रद्धापूर्वक हवन-पूजन के बाद कन्या भोज का आयोजन





नवरात्रि के पावन पर्व के अंतिम दिन महानवमी पर क्षेत्र के देवी मंदिर और दुर्गा पंडालों में विशेष हवन-पूजा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने माता दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की। धार्मिक स्थलों में पूरे विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार और आहुतियां देकर हवन संपन्न हुआ। भक्तों की भारी भीड़ माता के दर्शन और आशीर्वाद के लिए उमड़ी रही। कोपरा में देर शाम तक नवमी हवन पूजन कार्यक्रम चलते रहा। महानवमी के अवसर पर नवकन्या भोजन का आयोजन भी धूमधाम से किया गया। माता के नौ रूपों की प्रतीक नौ कन्याओं का विधिपूर्वक पूजन किया गया और उन्हें भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण धोकर आशीर्वाद लिया और उन्हें वस्त्र, मिठाई व उपहार भेंट किए। समाज में कन्या शक्ति और नारी शक्ति के सम्मान के प्रतीक इस आयोजन में लोगों की विशेष श्रद्धा और उत्साह देखने को मिला। माता दुर्गा की आराधना के साथ भक्तों ने देश और समाज की समृद्धि व कल्याण के लिए प्रार्थना की।

### खोपलीपाट में अष्टमी पर विविध अनुष्ठान हुए

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** नवरात्र अष्टमी पर्व पर गुरुवार को मां खोपलीपाट मंदिर में माता के दर्शन करने सुबह से ही सैकड़ों भक्तों की भीड़ लगी रही। अष्टमी के अवसर पर विविध अनुष्ठान हुए। पूरे विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की गई। दूर दराज से माता के दर्शन करने आए भक्तों ने पूजा अर्चना की। फूल माला, श्रीफल और माता की श्रृंगार सामग्री चुनरी आदि अर्पित किए। बहुरसिंह दीवान (अध्यक्ष) एवं राम अवतार यादव द्वारा बताया गया की खोपलीपाट देवी



बिहड़ जंगल पहाड़ के अनेक प्राकृतिक कन्दराओं के बीच आकर्षक सुरम्य गुफा पर विराजमान है। यह विश्व विख्यात विशालकाय पत्थर की घंटी आकर्षक की केंद्र है इसकी आवाज दो किलोमीटर तक जाती है। यहा 18 वर्षों से श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया जाता है। इस वर्ष 288 ज्योति प्रज्वलित किया गया। प्रतिवर्ष तुशिता किराना एंड हार्डवेयर पाटसिवनी के द्वारा अष्टमी का भंडारा देव स्थल खोपलीपाट में दिया जाता है।

## नौ दिवसीय साधना पर्व का हुआ समापन



**छुरा।** गायत्री शक्तिपीठ छुरा में नौ दिवसीय साधना पर्व का आयोजन किया गया। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ यह पर्व नवमी तिथि तक चला। इन नौ दिनों में कुछ साधकों ने 24000 गायत्री मंत्र जप का लघु अनुष्ठान संपन्न किया। साधना को प्राणवान बनाने हेतु प्रतिदिन तीन कुंडीय गायत्री यज्ञ का संपादन किया गया। अंतिम दिवस कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद लिया गया। प्रभु सिन्हा एवं उनके परिवार की ओर से भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस नौ दिवसीय आयोजन में चतुर सिंह दीवान, भुनेश्वर पटेल और युगल किशोर ने संगीतमय वातावरण में यज्ञ का संचालन किया। इस साधना पर्व में रमा यदु, गीता चंद्राकर, अनिता सिन्हा, खिलेश्वरी सोम, घासीन साहू, राधिका यादव, लक्ष्मी साव, सरिता तिवारी, खुशबू ठाकुर, सरस्वती सिन्हा, लता नायडू, कल्याणी साहू, रामेश्वरी साहू, वसुंधरा साहू, कृष्णा साहू, गायत्री साहू, रिया सचदेव, सुनीता गुप्ता, अनीता देवांगन, हर्षिता पटेल, मीना यादव, मीना मेहता, दिलीप साहू, अजय जोशी, हरीश साहू आदि श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया इस प्रकार यह पर्व हर्षोल्लास भक्ति और सेवा के वातावरण में मनाया गया।

# म्यूजिक ग्रुप ने दुर्गा मंचों पर दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



म्यूजिक ग्रुप छुरा के फनकारों द्वारा नवीन सृजन संध्या भजन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देवी भजनों के साथ भाव नृत्य भी प्रस्तुत किया जाता है। उनके द्वारा इस बार क्वांर नवरात्र में पूरे दिन देवी मां, शक्ति पीठ, दुर्गा मंचों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रथम दिवस सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति ग्राम चरौदा के दुर्गा मंच पर द्वितीय दिवस ग्रामीण दुर्गोत्सव समिति ग्राम डांगनबाय में अपनी प्रस्तुति दी। तीसरे दिन सांहड़ा देव दुर्गोत्सव समिति सारागांव में मनमोहक प्रस्तुति दी। चौथे दिन श्रीसार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति गांधी मैदान गरियाबंद में आकर्षक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। पांचवे दिन एवं सातवें दिवस शीतला मंदिर प्रांगण छुरा के मंच पर सराहनीय प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीता। छटवें दिन शक्तिपीठ चंडी मंदिर घुंचापाली बागबाहरा में आठवें दिन रमईपाट सोरिद में देवी मां के चरणों में जस गीत के साथ भाव नृत्य समर्पित किए। साथ ही घटारानी विजयनगर में भी सेवा दिये। कार्यक्रम में मुख्य गायक नेमिचंद यादव सहयोगी रुपेश शर्मा, ऋषि साहू, नारायण प्रसाद साहू, मंगल मूर्ति सोनी, डॉ. आनंद गुप्ता, रीझे यादव, हुमन सिन्हा, कुमारी यंजना साहू, फाल्गुनी धीवर, सिमरन ने सहयोग किया। कार्यक्रम संचालन में हीरालाल साहू ने सहयोग किया। भाव पक्ष नृत्य में कुमारी बम्लेश्वरी, कुमारी पार्वती, कुमारी सोनिया, कुमारी ममता, कुमारी ईश्वरी, कुमारी लक्ष्मी की सहभागिता रही। विशेष सहयोग इमरान अली चरौदा, गुमान सिंह, जयसिंह, शीतल ध्रुव का रहा।

### जस गीत से भक्तिमय हुआ पतोरा

**छुईहा बेलर।** क्वांर नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम पतोरा दीनदयाल साहू के निज निवास में ज्योत जंवारा की स्थापना किया गया है। लोग प्रतिदिन दर्शन को पहुंच रहे हैं। तथा रात्रि में जस सेवा भजन गीत से अराधना किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष सचिव संघ, अध्यक्ष साहू परिक्षेत्र प्रवीण साहू विशेष पहुंचे।



# डीजे डांस में बिखरी लोककला की सतरंगी छटा





हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम कनसिघी के ऊपर पार श्याम नगर में 8 अक्टूबर को भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के आलावा ओडिशा से पहुंचे विभिन्न कलाकारों ने भाग लेकर अपनी कला कौशल का जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए लोक कला की सतरंगी छटा बिखेरी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, अध्यक्षता सरपंच पीली बाईं कुंजाम, विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य केशरी नोहर ध्रुव, उपसरपंच अंटेक चंद्राकर,ग्राम प्रमुख सूरेन्द्र ठाकुर, नेमीचंद मरकाम, शत्रुता कुंजाम, रांधे सेन, प्रेमसिंह जगत, कुशल ध्रुव, गोसाईं ध्रुव, परसराम कुंजाम, चेतन ध्रुव, तुलसी दास मानिकपुरी, लेखराम सिन्हा, योगेश्वर साहू, सुरेन्द्र ठाकुर,रसेला से उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, कमलेश्वर नायक, भोजनायक, गजेन्द्र नायक आदि मंच आसीन थे। कार्यक्रम की शुभारंभ मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत पीला चावल और बेच लगाकर किये। इस सामूहिक डांस में आर एन डांस ग्रुप बागबाहरा ने 7001 रूपए का प्रथम इनाम जीता। वहीं द्वितीय ईनाम 5001 रूपए सन साईं खैराटकला, तृतीय 3001 रूपए हमर छत्तीसगढ़ बडेसाजा पाली, चतुर्थ ईनाम 2501 रूपए दा टाइगर बुन्देली, इसी तरह युगल में प्रथम स्थान को 2001 रूपए दूलेश एण्ड सूदामा, द्वितीय 1501 रूपए निशा एण्ड संजू, तृतीय ईनाम 1001 रूपए रीया एण्ड जानेवी,सोनम, कुमकुम, इसी तरह से एकल नृत्य में प्रथम स्थान शेखर यादव को 1501 रूपए, द्वितीय स्थान 1001 रूपए जीवन साहू, तृतीय पुरस्कार 701 बाटू यादव, चतुर्थ 501 रूपए प्रेम सुमन को मिला।

- सामूहिक डांस में आरएन डांस ग्रुप बागबाहरा प्रथम

### कार्यक्रम परपंराओं को जीवंत बनाए रखने का है माध्यम

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को आयोजक समिति द्वारा श्रीफल भेंट सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मांझी ने कहा कि ऐसी कार्यक्रम होते रहने से एक दूसरे से भेंट मुलाकात के एकजुटता का परिचय देते हैं। सरपंच पीली बाईं ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, बल्कि हमारे समृद्ध अतीत और कला संगीत की अद्भुत परपंराओं को जीवंत बनाए रखने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव ने अपनी संबोधन में कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य पूरे गांव को एक सूत्र में पिरोने के साथ शक्ति के उपासना के पर्व पर यह संकल्प लेने का माध्यम है। हम अपनी माता, बहनों, बेटियों के सम्मान की रक्षा करें। ग्राम समिति के अध्यक्ष सूरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि ऐसी मंच पर हर कोई अपने अपने कला को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सभी पंचगण, ग्राम विकास समिति के सभी पदाधिकारी एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। मंच संचालन रोहित जगत ने की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक समिति व युवा संगठन का सक्रिय योगदान रहा।

# युवा कलाकारों ने जस झांकी में दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)



नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम मड़ेली में मौली चौक तथा जुन्नापारा दुर्गा स्थल पर जय मां गंगई जस झांकी कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचमी तथा सप्तमी के दिन रात्रि में गांव के युवा कलाकारों के द्वारा यह कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। झांकी का आनंद लेने के लिए लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए। झांकी में रक्त बीज द्वारा भगवान शंकर से अमरता का वरदान प्राप्त होने पर धरती में हाहाकार मचाने पश्चात मां काली के द्वारा वध किया गया दृश्य को दिखाया गया है। संगीत पक्ष के कलाकारों के द्वारा मनमोहक संगीत प्रस्तुत किया गया। वहीं जोकर के द्वारा हास्य परिहास की प्रस्तुति से दर्शक काफी लोटपोट हो गये। समिति के सदस्यों के द्वारा मां काली की आरती उतारकर कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कलाकार भूषण ठाकुर,लोचन ठाकुर, विष्णु निषाद, नीलाम्बर ध्रुव, सुफरीत मानिकपुरी, मिथलेश विश्वकर्मा, डिगाम्बर मरकाम, लोकेश ठाकुर, बेदराम ठाकुर, टिकम ध्रुव, पुन्नू ठाकुर, नागेश ध्रुव आदि है। कार्यक्रम का संचालन प्रेमनारायण ध्रुव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष चैनसिंह साहू, भीखम ठाकुर, माधव निर्मलकर, तेजराम निर्मलकर, गोवर्धन ठाकुर, शालिक राम, ईश्वर निर्मलकर, मदन लाल साहू, डॉ. मोहन साहू, लोकेश्वर साहू, भोज राम, गजेन्द्र ठाकुर, अमृतलाल ठाकुर, भगवानी यादव, भगवानों, तपेश्वर साहू, लखन कुर्रे, बिसहत, चैतराम साहू, मीरा ठाकुर, रामायण विश्वकर्मा, धानसिंह ठाकुर, ओम विश्वकर्मा, काशी निर्मलकर, भागी, हुमन साहू, सुमान ठाकुर, रूद्रा ठाकुर, भोलेनाथ, वेशनारायण ठाकुर, रामचंद्र साहू, एवन निर्मलकर, नेत राम, निर्मल मरकाम, ईश्वर ठाकुर, भोगेश्वर ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

# ध्रुव गोंड़ समाज ने मनाया नवाखाई का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



ग्राम डांगनबाय में ध्रुव गोंड़ समाज ने नवाखाई का पर्व परंपरा अनुसार धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम अपने देवी देवताओं का बड़ादेव दुलहा देव विशेष पूजा अर्चना कर बाजे- गाजे के साथ खड़ा देव तलवार, भाला, बरछी लेकर छत्रपति बड़ा देव की जय, प्रकृति देव की जय आदि पूर्वजों का जय घोष करते हुए शीतला मंदिर में जाकर विशेष पूजा अर्चना किया गया। साजा वृक्ष पर पूजा अर्चना किया नई धान की बालियां, नींबू, नारियल, ध्वज फूल, सुपारी, नव चावल का भोग बुढ़ादेव, दूल्हा देव , ठाकुर दिया एवं कुलदेवी तथा अपने पूर्वजों को अर्पित कर पूरे परिवार एक साथ नवाखाई का पर्व मनाया गया। नवाखाई पर्व में साजा पत्ता और नई धान का विशेष महत्व रहता है। तत्पश्चात घर में पूर्वजों के देवी देवताओं का विशेष सिंगार कर पूजा अर्चना किया। नवाखाई पर्व के दिन साजा पत्ता एवं दोना बनाकर पूजा अर्चना किया गया। और नया प्रसाद साजा पत्ता में ही ग्रहण किया गया। उसके बाद घर के सभी छोटे-बड़े सदस्यों को नवा जोहर अर्थात प्रणाम करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। ध्रुव गोंड़ समाज में नवाखाई का पर्व नवमी के दिन शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। और उसका दूसरे दिन दसमी पर तिहार भी मनाया जायेगा। प्रमुख रूप से धनसिंह ध्रुव, रामशरण ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, शीतल ध्रुव, सुरेंद्र ध्रुव, भूपेंद्र, हीरालाल ध्रुव, भीखम ध्रुव, राजेंद्र ध्रुव, नारद, कोमल, डोमेशवर लीलाधर तरुण , हर्ष, चंद्रहास, बिगेद्र कुमार, आयुष हैं।

## शीतला मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता

# जसगीत व मांदर की थाप पर जोत जवारा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला





नौ दिन तक चले शारदीय नवरात्रि उत्सव का समापन शुक्रवार को ज्योत जवारा विसर्जन के साथ हो गया। क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर किये गये ज्योत जंवारा का महिला सफेद साड़ी पहनकर ज्योत जवारा विसर्जन करने के लिए निकले। इसी कड़ी में रसेला के शीतला मंदिर में शुक्रवार को पूजा अर्चना कर महा आरती किया। तत्पश्चात बैगा के द्वारा गांव के सभी देवी- देवताओं को सुमीरण कर 11 बजे ज्योत विसर्जन के लिए निकले। माता के जसगीतो की धुन पर सिरहा चढ़े देवताओं झूमते हुए नजदीक तालाब तक पहुंचे। एक सिरहा बाना लिए हुए थे। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते गाते मांदर की थाप पर झूमते भक्तों ने श्रद्धा के साथ जोत विसर्जन किया। जोत विसर्जन के बाद माता रानी को प्रणाम कर सभी श्रद्धालुओं ने घर की सुख समृद्धि के लिए विनती किये। रानी मां केरा पानी, जटियाई, गरजाई इन जगहों पर शुक्रवार को विसर्जन किया गया, वहीं जहां जहां नवदुर्गा स्थापित हुआ है वहां 12 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन विर्सजन किया जाएगा। क्षेत्र में आज विजयादशमी पर्व पर सभी गांवों में धूमधाम से मनाने के लिए ग्रामवासी जुटे हुए हैं। और रसेला में रावण पुतला को अंतिम रूप देने कलाकार लगे हुए हैं ।

